# कन्ट्रोल रूम हेतु Frequently Asked Questions (FAQ)

| S.no | QUESTION | ANSWER |
|---|---|---|
| 1 | खाने से सम्बन्धित भोजन सामग्री खत्म हो गई। | किराने की दुकाने खुली हुई है, नजदीकी दुकान से 1. मीटर दूरी रखते हुए खाद्य साम्रगी कय की जा सकती है। |
| 2 | राजस्थान वालों के परिवार के सदस्य दूसरे राज्य में फंसे है तो क्या करें? | जहा है वही रहे है (यात्रा करने की अनुमति नही है) |
| 3 | गावों मे लोग शहरों से आए हैं उनकी जांच करवानी है। | चिकित्सा विभाग द्वारा सभी जिलो मे मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश मे आशा, एएनएम द्वारा स्क्रीनिग की जा रही है। |
| 4 | दुकानदार महंगे दरो पर सामान दे रहे है। | सम्बन्धित जिला प्रशासन के कन्ट्रोल रूम में फोन कर शिकायत कर सकते है। |
| 5 | सर :हमारा तो रोजनदारी का धंधा है! मजदूरी करता हूं साहब मेरे पास कोई और कमाई नहीं है, पुलिस वाले डंडे मार हैं क्या करें? | घर मे ही रहे, भोजन साम्रगी से सम्बन्धित दिक्कत होने पर सम्बन्धित जिला प्रशासन के कन्ट्रोल मे फोन कर अवगत करवा सकते है। |
| 6 | मेरे परिवार में मेरे दादाजी की गम्भीर स्थिति है, मैं गांव नहीं जा पा रहा हूं कैसे जाऊं क्या करूं सर? | सम्बन्धित जिला प्रशासन के कन्ट्रोल मे फोन कर अवगत करवा सकते है। |
| 7 | पशु तो बेजुबान है! इनका चारा भी नहीं आ पा रहा है! यह भूखे मर जाएंगे सर क्या करें आप लोग इंसानो के लिए तो इतना कुछ कर रहे हैं? जानवरों के लिए कुछ सोचा है। | माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा इस हेतु पशु–पक्षीयो के कल्याण हेतु काम करने वाली संस्थाओ, गौशालाओ, सभी संगठनो, से व्यवस्था करने हेतु अपील की गई है। |
| 8 | सर सरकार क्या मजदूरों के लिए कुछ पैसे देगी, काम नहीं है तो हमारे बच्चों के भोजन के लिए क्या करें? कहां जाएं? | सम्बन्धित जिला प्रशासन के कन्ट्रोल मे फोन कर अवगत करवा सकते है। |
| 9 | गाड़ी की किश्त भरनी है सर क्या करे कैसे करें? | गाड़ी की किश्त ऑल लाईन भरी जा सकती है। |
| 10 | ट्रक ड्राइवर है गुजरात में फंसे हुए हैं! कैसे आए? क्या करें ,घर पहुंचना जरूरी है।बीवी प्रेग्नेंट है। | सम्बन्धित जिला प्रशासन/आरटीओ से सम्पर्क कर सकते है। |
| 11 | डायलिसिस करवाना है? | नजदीकी चिकित्सालय मे जा कर करवाया जा सकता है। |
| 12 | हम बुजुर्ग दंपति है, घर में कोई नहीं है, खाना बनाने वाली बाई को पुलिस वाले आने नही देर हैं। हम से खाना नही बनता है। बाई का आने जाने का पास बनवाना चाहते हैं। जिला कलक्टर कंट्रोल रूम में नंबर दिए गए हैं। | सम्बन्धित जिला प्रशासन के कन्ट्रोल मे फोन कर अवगत करवा सकते है। |

www.rajteachers.com

| | | |
|---|---|---|
| 13 | पिताजी की दवा चल रही हैं, सीकर जाना है। पुलिस वाले जाने नही देते हैं, गाड़ी का पास बनवाना चाहते हैं संबंधित जिला कलक्टर में नंबर दिए गए हैं। | जिला प्रशासन के कन्ट्रोल रूम मे फोन कर अवगत करवा सकते है एवं आरटीओ से भी सम्पर्क करे। |
| 14 | तबीयत खराब है, बुखार हो रहा है पुलिस वाले जाने नही देते है। बाहर डाक्टर को कैसे दिखाये | यदि वास्तव मे बिमार है तो नजदीकी चिकित्सालय मे दिखाया जा सकता है। पुलिस नही रोक रही है। |
| 15 | किराये पर रहते है पैस खत्म हो गए है सहायता राशि दिलवाये | सम्बन्धित जिला प्रशासन के कन्ट्रोल मे फोन कर अवगत करवा सकते है। |
| 16 | कोरोना वाले मरीज डाक्टर से परामर्श 06 दवाईया लेने के लिए जाना चाहते है। | बिना डाक्टर के परामर्श के कोई दवा नही ले सकते है। |
| 17 | भीलवाडा, झुझनू, जिल गॉवो से लोग कोरोना की स्कीनिगं से सम्बन्धित | चिकित्सा विभाग द्वारा सभी जिलो मे मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश मे आशा, एएनएम द्वारा स्कीनिग की जा रही है। |
| 18 | नाली एव कॉलोनी सफाई नही हो रही है। | सम्बन्धित नगर निगम/नगर परिषद/नगर पालिका को शिकायत दर्ज करावे। |
| 19 | बाहर/शहरो से पैदल गॉवो मे आ रहे तो क्या करे। | सम्बन्धित जिला प्रशासन के कन्ट्रोल मे फोन कर अवगत करवा सकते है। |
| 20 | शहरो से गॉवो मे जाने की अनुमति से सम्बन्धित प्रश्न | जहा है वही रहे है<br>(यात्रा करने की अनुमति नही है) |
| 21 | मेरे घर में यदि किसी दवाई या जरूर खाने–पीने के सामान की आश्यकता है तो मैं इसे कैसे प्राप्त कर सकता हूं? | दवाई एवं किराने की दुकाने खुली हुई है, नजदीकी दुकान से 1.मीटर दूरी रखते हुए खाद्य साम्रगी कय की जा सकती है। |
| 22 | मेरे घर में मेरी 65 वर्ष की मां, जो कल से बीमार है, खांसी, बुखार व जुकाम है तो मुझे क्या करना चाहिए? | नजदीकी चिकित्साल मे चिकित्सक को दिखावे। अधिक जानकारी के लिए 104 पर कॉल किया जा सकता है। |
| 23 | मेरे घर पर एक गर्भवती महिला है जिसकी सोनोग्राफी होनी है यदि उसे अन्य कोई परेशानी है तो मुझे क्या करना चाहिए? | नजदीकी चिकित्साल मे चिकित्सक को दिखावे। अधिक जानकारी के लिए 104/108 पर कॉल किया जा सकता है। |
| 24 | यदि मुझे इमरजेंसी में एम्बूलेंस की आवश्यकता है तो क्या मैं अभी भी 104/108 से सुविधा ले सकता हूं ? | हॉ |
| 25 | मेरे घर के पास एक व्यक्ति विदेश यात्रा से आया है, क्या मुझे इसकी सूचना सरकार को देनी चाहिए ? | हॉ कन्ट्रोल रूम अथवा सम्बन्धित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इसकी सूचना देनी चाहिए। |
| 26 | मैं कल शाम को ही पूणे, बैंगलोर और सूरत से तीन दिन की यात्रा करते हुए वापस आया हूं क्या मुझसे मेरे परिवार के सदस्यों को संक्रमण हो सकता है ? | जानकारी के लिए 104/108 पर कॉल किया जा सकता है। केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा जारी एडवाईजरी का पालन करे। |

www.rajteachers.com

| | | |
|---|---|---|
| 27 | मेरे घर में डायबिटिज, हाई बीपी/हार्ट संबंधी रोगी है जिनकी दवाई खत्म होने वाली है, ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए ? | दवाई की दुकाने खुली हुई है, नजदीकी दुकान से 1.मीटर दूरी रखते हुए ली जा सकती है। |
| 28 | मेरे द्वारा सुना गया है कि मलेरिया की दवाई लेने से कोरोना वायरस संक्रमण नहीं होता है, यदि मेरे घर में यह दवाई उपलब्ध है तो क्या मैं बिना डॉक्टर की सलाह के ले सकता हूं ? | बिना चिकित्सकीय सलाह के कोई दवा ना लेने |
| 29 | मेरे घर में सेनेटाइजर खत्म हो गया है तो मैं हर 20 मिनट में सुरक्षित हाथ कैसे धो सकता हूं ? | साबुन अथवा हैण्ड वाश से प्रत्येक घंटे 20 सैकण्ड तक हाथ धोये |
| 30 | मेरे घर में एक व्यक्ति को वायरल है, क्या उनके कपड़े, बर्तन और बाथरूम अलग कर देने चाहिए ? कृपया सलाह दें। | जी हॉ, तुरन्त नजदीकी चिकित्सक सलाह ले। |
| 31 | यदि मुझे किसी कारण से मेडिकल सुविधा चाहियेगी तथा घर से मुझे जाना होगा तो मैं क्या कर सकता हूं, क्योंकि मेरे घर के पास पुलिस है ? | जी हॉ, आवश्यक दवाईया लेने के लिए नजदीकी मेडिकल स्टोर पर जा सकते है। |